(MARCH, 2020)

समय : 3 घंटे] [अधिकतम अंक : 80

सूचनाएँ :

1) हस्तलेखन को स्पष्ट लिखिए।
2) इस प्रश्नपत्र में चार विभाग हैं A, B, C और D एवं कुल 1 से 51 प्रश्न हैं।
3) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं, आंतरिक विकल्प दिये गये हैं।
4) दाहिनी ओर प्रश्न के अंक दिये गए हैं।
5) सूचना के अनुसार आकृतियाँ स्वच्छ, स्पष्ट और उचित प्रमाण में बनाएँ।
6) नया विभाग नये पन्ने पर लिखिए। प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार दीजिए।

## विभाग – A
### (गद्य विभाग)

■ निम्नलिखित प्रश्नों के नीचे दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर उत्तर लिखिए : [2]

1) किसने अपने हिस्से की पूड़ियाँ काकी के लिए बचाकर रखी थी?
(A) रूपा (B) बुद्धिराम
(C) लाडली (D) श्यामा

2) भगवान की मूर्ति की स्थापना करने के बाद .............
(A) उनके कहे अनुसार चलना चाहिए।
(B) मूर्ति की पूजा करनी चाहिए।
(C) प्रचार–प्रसार करना चाहिए।
(D) पुजारीजी के आदेश का पालन करना चाहिए।



Scanned by CamScanner

■ सही विकल्प चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए: [2]

3) कालिदास हरिणशावक के अंगों पर ............ का लेप लगाना चाहता है।
   (A) दवाई (B) तेल
   (C) मरहम (D) घृत

4) मालती की आवाज सुनकर बिन्दू की चाल में ..............।
   (A) रुकावट आ गई (B) तेजी आ गई
   (C) बदल गई (D) सुधार आ गई

■ निम्नलिखित वाक्यों में से सही वाक्यांश चुनकर पुरा वाक्यांश फिर से लिखिए : [2]

5) सदानंद का मन प्रसन्नता से नाच उठा क्योंकि ..............
   (A) उन्हें अपने पैसे वापस मिल गए।
   (B) पंडित शादीराम की उदारता और सज्जनता के कारण।
   (C) मारवाड़ी सेठ ने अलबम खरीद लिया था।

6) रामप्रसाद बिस्मल इस बात से दुःखी था कि ...............
   (A) अपनी माँ की सेवा का अवसर नहीं मिलेगा।
   (B) माँ का प्यार नहीं मिला।
   (C) अपनी माँ से दूर रहना पड़ता था।

■ निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक–एक वाक्य में लिखिए : [3]

7) सुधामूर्ति महिलाओं की सफलता पर क्या कह उठी?

8) दुनियाँ में सबसे बड़ा बुद्धिमान कौन है?

9) 'एक नई शुरुआत' के दोनों वैज्ञानिकों के नाम दीजिए।

■ निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो–तीन वाक्यों में लिखिए : [4]

10) गाँव के नवयुवक पंचायत के पदाधिकारियों से किस बात पर नाराज थे?

11) सुधा ने स्त्री–पुरूष के भेदभाव के लिए क्या निश्चय किया?

अथवा

बूढ़ी काकी कब रोती थी?



Scanned by CamScanner

■ निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर चार–पाँच वाक्यों में लिखिए : [3]

12) देश को कैसे नागरिकों की आवश्यकता है और क्यों?

अथवा

आदमी का जीवन उसकी अपनी व्यक्तिगत जायदाद क्यों नहीं है?

■ निम्नलिखित कथनों का आशय स्पष्ट कीजिए : [3]

13) 'धन सुख का जादूगर भी है और शांति का डकैत भी।'

अथवा

हम क्यों ऐसी चीजें खायें जो सबको नहीं मिलती, इसीसे तो चोरी की भावना को जन्म मिलता है।

## विभाग – B
### (पद्य विभाग)

■ निम्नलिखित प्रश्नों के नीचे दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर उत्तर लिखिए : [2]

14) गोपी गले में क्या पहनना चाहती है?

(A) गुंजों की माला (B) सोने की माला
(C) चाँदी की माला (D) मोती की माला

15) गीता का गान किसने किया था?

(A) वाल्मिकी ने (B) द्रोणाचार्य ने
(C) अर्जून ने (D) श्रीकृष्ण ने

■ निम्नलिखित में से सही विकल्प चुनकर रिक्त स्थानों की पुर्ति कीजिए : [2]

16) जनशक्ति की चेतना द्वारा भारत में ............... लाना चाहिए।

(नवचेतना, महाक्रांति)

17) ............. को दाने के बिना कोई नहीं खाता।

(पपीता, अनार)



Scanned by CamScanner

■ निम्नलिखित वाक्यों में से सही वाक्यांश चुनकर पूरा वाक्य फिर से लिखिए : [2]

18) प्रभुजी चंदन है तो भक्त ............
 (A) दीपक है।
 (B) पानी है।
 (C) चकोर है।

19) मीरा ने अपने सद्गुरु की कृपा से............
 (A) बहुत बडा महल पाया।
 (B) रामरतन धन पाया।
 (C) लोक-लाज खोई।

■ निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक वाक्य में लिखिए : [3]

20) कवि ने नावों की नगरी किसे कहा है?

21) कवि के अनुसार साधु मौन धारण क्यों करते हैं?

22) इन्द्र ने खोखले वृक्ष में क्या देखा?

■ निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखिए : [4]

23) हम नवयुग के अग्रदूत कैसे बन सकते हैं?

24) मीरा के 'राम रतन धन' की क्या विशेषताएँ हैं?

अथवा

गोपी कृष्ण की मुरली को अपने अधरों पर क्यों नहीं रखना चाहती?

■ निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर चार-पाँच वाक्यों में लिखिए : [3]

25) हिन्दुस्तान हमारा है – स्वरधारा किसकी और कब से है?

अथवा

'जन्मभूमि' में भारत भूमि की क्या-क्या विशेषताएँ बताई गई हैं?



Scanned by CamScanner

■ निम्नलिखित पंक्तियों का आशय स्पष्ट कीजिए : [3]

26) कहते हैं सब शास्त्र कमाओ रोटी जान बचाकर,
पर संकट में प्राण बचाओ, सारी शक्ति लगाकर।

अथवा

जब भी
भूख से लड़ने
कोई खड़ा हो जाता है
सुन्दर दिखने लगता है।

## विभाग – C
(व्याकरण विभाग)

■ निम्नलिखित कहावत का अर्थ स्पष्ट कीजिए : [1]

27) मुख में राम बगल में छुरी

■ निम्नलिखित शब्दसमूह के लिए एक शब्द लिखिए। [1]

28) भूख से आतुर

■ निम्नलिखित संधि को छोड़िए : [1]

29) व्याख्यान

■ निम्नलिखित संधि को जोड़िए : [1]

30) तपः + वन

■ निम्नलिखित मुहावरे का अर्थ देकर वाक्य में प्रयोग कीजिए : [2]

31) ठंडी आह भरना



Scanned by CamScanner

■ निम्नलिखित शब्दों का विरोधी शब्द लिखिए : [2]

32) अनुराग विराग

33) विरोध अविरोध

■ निम्नलिखित शब्दों का पर्यायवाची शब्द लिखिए : [2]

34) जलधि सागर

35) शबनम ओस

■ निम्नलिखित शब्दों की भाववाचक संज्ञा लिखिए : [2]

36) बच्चा बचपन

37) बूढ़ा बुढ़ापी

■ निम्नलिखित शब्दों की कर्तृवाचक संज्ञा लिखिए : [2]

38) चराना

39) शिकार शिकारी

■ निम्नलिखित शब्दों की विशेषण संज्ञा लिखिए : [2]

40) विज्ञान

41) दिन

~~[illegible]~~ चाचा



चश्मी ~~[illegible]~~ धी।

■ निम्नलिखित समास को पहचानिए : [2]

42) कालिदास

43) रामरतन

## विभाग – D

(लेखन विभाग)

■ निम्नलिखित विषय पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए : [3]

44) समाचार पत्र

अथवा

कम्प्यूटर

■ निम्नलिखित परिच्छेद को पढ़कर नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : [4]

मानव के व्यक्तित्व का निर्माण करनेवाले विभिन्न तत्वों में चरित्र का सबसे अधिक महत्व है। चरित्र एक ऐसी शक्ति है जो मानवजीवन को सफल बनाती है। चरित्र की शक्ति ही आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता उत्पन्न करती है। चरित्र मनुष्य के क्रिया–कलाप और आचरण के समूह का नाम है। चरित्ररुपी शक्ति के सामने पाशविक शक्ति भी नष्ट हो जाती है। चरित्र की शक्ति विद्या, बुद्धि और संपत्ति से भी महान होती है। इतिहास इस बात का साक्षी है कि कई चक्रवर्ती सम्राट धन, पद, वस्तु और विद्या के स्वामी थे, परंतु चरित्र के अभाव में अस्तित्वविहीन हो गए।

प्रश्न :

45) चरित्र किसे कहते हैं?

46) चरित्र का क्या महत्व है?

47) पाशविक शक्ति किसके सामने नहीं टिक पाती?

48) इस परिच्छेद के लिए एक योग्य शीर्षक दीजिए।



Scanned by CamScanner

49) निम्नानुसार पत्र लिखिए : [5]

24, अंकुर सोसायटी, नारणपुरा, अहमदाबाद – 380013 से सुनिल पंचाल, सूरत निवासी अपने मित्र नैमेष पटेल को रक्तदान का महत्व समझाते हुए पत्र लिखता है।

50) रुपरेखा के आधार पर कहानी लिखकर शीर्षक एवं बोध लिखिए : [5]

एक विद्यार्थी – परीक्षा में असफल होना – निराशा – घर छोड़कर जंगल में जाना – पेड़ पर मकड़ी को बार–बार चढ़ने का प्रयत्न करते देखना – सफलता का मार्ग मिलना – ध्यान से पढ़ना – सफ़ल होना – बोध।

51) निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर 150 शब्दों में निबंध लिखिए : [7]

■ विज्ञान के लाभालाभ

प्रस्तावना – विज्ञान की व्यापकता – विज्ञान के अनेक उपयोग – यातायात – व्यवसाय – मनोरंजन – चिकित्सा – अंतरिक्ष – विज्ञान का विनाशकारी रूप – उज्ज्वल भविष्य – उपसंहार।

अथवा

■ प्रदूषण–एक विकट समस्या

दुनिया में प्रदूषण – प्रदूषण के प्रकार – प्रदूषण के कारण – प्रदूषण के दुष्परिणाम – प्रदूषण कम करने के उपाय – संदेश – उपसंहार।

अथवा

■ वृक्ष ही जीवन है

वृक्ष – मनुष्य के लिए – वृक्षारोपण एक पुण्य कार्य – वृक्षारोपण के लाभ – वैज्ञानिक और भौगोलिक दृष्टि से महत्व – उपसंहार।

⌘⌘⌘



Scanned by CamScanner